
REET CLASSE'S
ONLINE CLASS
YouTube
SUBSCRIBE
CLASS
+
QUIZ
For Quick Update
Telegram
For PDF Notes



भारतीय इतिहास को सर्वप्रथम इतिहासकार मील ने 3 भागों में विभाजित किया।

<u>कालानुक्रम</u> :-

1.	सिन्धु घाटी सभ्यता	2600 - 1900 BC
2.	उत्तर हड़प्पा काल / अंधकारमय युग	1900 - 1500 BC
3.	ऋग्वैदिक काल	1500 - 1000 BC
4.	उत्तर वैदिक काल	1000 - 600 BC
5.	महाजनपद काल	600 - 322 BC
6.	मौर्य काल	322 - 185 BC
7.	मौर्योत्तर काल	185 - 319 AD
8.	गुप्त काल	319 - 550 AD
9.	हर्षवर्धन	606 - 647 AD
10.	राजपूत काल / पूर्व मध्यकाल	750 - 1000 AD
11.	सल्तनत काल	1192 - 1526 AD
12.	मुगलकाल	1526 - 1707 / 1857 AD
13.	आधुनिक भारत	1707 - 1947

मध्यकालीन भारत

इस्लाम का उदय :-

→ संस्थापक = मोहम्मद साहब

→ जन्म = 570 AD

→ जन्मस्थान = मक्का

→ पिता = अब्दुल्ला

→ माता = आमिनाह / अमीना

→ चाचा = अबु तालीब (मोहम्मद साहबका पालन-पोषण किया)

→ कबीला = कुरेश / कुरेशी

→ इनका परिवार पुजारी परिवार था।

→ पत्नी = खदीजा

→ हीरा नामक पहाड़ी पर मोहम्मद साहब को ज्ञान की प्राप्त हुई।

→ इनका परिवार पहले अल्लाह की बेटियों को पूजता था।

Note :- सलमान रूश्दी = द सेटेनिक वर्सेज

→ 622 AD में मोहम्मद साहब मदीना चले गए, यह घटना हिजरत कहलाती है। हिजरी संवत् आरम्भ हो गया।

→ 630 AD :- मक्का पर आक्रमण।

→ 632 AD :- मोहम्मद साहब की मृत्यु

→ मोहम्मद साहब मुसलमानों के धार्मिक तथा राजनैतिक प्रमुख थे।

→ मोहम्मद साहब के उत्तराधिकारी को खलीफा कहा जाता है एवं उसके साम्राज्य को खिलाफत कहा जाता है।

→ 4 खलीफा :-

(i) अबु बक्र	[632 - 634]	सुन्नी
(ii) उमर	[634 - 644]	सुन्नी
(iii) उस्मान	[644 - 656]	सुन्नी
(iv) अली	[656 - 661]	→ शिया

→ अली के पुत्र हुसैन की हत्या करबला के मैदान में कर दी गई।

→ उम्मैयद वंश

→ अब्बासी वंश

* इस्लाम का स्वर्णकाल

* हलाकु ने 1258 में अब्बासी खलीफा की हत्या कर दी [मंगोलियन नेता]

→ उस्मानी वंश

→ ऑटोमन साम्राज्य

→ 1924 में मुस्तफा कमाल पाशा ने खलीफा पद को समाप्त कर दिया।

अंग्रेजों ने सम्पूर्ण ब्रिटिश भारत में
1830 में सती प्रथा पर प्रतिबन्ध लगाया।

अरब आक्रमण

→ भारत में मुस्लिमों का आगमन :-

1. अरब
2. तुर्क
3. अफगान

→ प्रथम अरब आक्रमणकारी = मोहम्मद बिन कासिम

→ श्रीलंका के शासक ने खलीफा (वलीद) के लिए कुछ उपहार भेजे जिन्हें देवल नामक बन्दरगाह पर समुद्री लुटेरों ने लूट लिया।

→ सिन्ध के शासक दाहिर ने सहायता करने से मना कर दिया।

→ खलीफा ने ईरान के शासक अल हज्जाज को भारत पर आक्रमण करने हेतु कहा।

→ 712 AD : मोहम्मद बिन कासिम ने सिन्ध को जीत लिया।

→ मोहम्मद अल हज्जाज का भतीजा / दामाद था।

→ बौद्ध भिक्षुओं ने मोहम्मद बिन कासिम की सहायता की थी।

→ मोहम्मद बिन कासिम ने पहली बार सिन्ध में जजिया कर लागू किया।

<u>जजिया कर</u> :-

यह राजनीतिक कर होता है जो गैर-मुसलमानों पर लगाया जाता है।

→ मोहम्मद बिन कासिम ने सिन्ध में मकतब (प्राथमिक शिक्षा केन्द्र) स्थापित किए।

→ इस आक्रमण की जानकारी 'चचनामा' से मिलती है।

→ चच दाहिर के पिता का नाम था।

→ चचनामा : लेखक = अज्ञात

→ दाहिर एवं जयसिंह लड़ते हुए मारे गए।

→ आक्रमण का वास्तविक कारण :
भारत की आर्थिक संपन्नता

→ अरबों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया लेकिन गुर्जर प्रतिहारों ने अरबों को पराजित किया।

आक्रमण के प्रभाव :-

① सांस्कृतिक समन्वय :-

(a) पंचतन्त्र का अरबी में अनुवाद किया गया एवं उसका नाम 'कलीला वा दिमना' रखा गया।

(b) चरक संहिता का अरबी में अनुवाद किया गया।

(c) ब्रह्मगुप्त की पुस्तकों का अरबी में अनुवाद किया गया।

ब्रह्मस्पुट सिद्धान्त = अल सिन्ध हिन्द

खण्डन खाद्य = अल अरकन्द

(d) अरबों ने भारतीय दशमलव प्रणाली ग्रहण किया। इसे अरब देशों में हिन्दसा कहा जाता है।

* इसे अल ख्वारिज्मी ने अरब देशों में प्रसिद्ध किया।

* यूरोप में इसे अरबी संख्या पद्धति कहा जाता है।

② व्यापार वाणिज्य में वृद्धि

तुर्क आक्रमण

→ तुर्क मध्य एशियाई बर्बर जाति थी।

→ तुर्कों ने गाजी उपाधि को प्रसिद्ध किया।

अलप्तगीन :- तुर्क साम्राज्य का संस्थापक

↓

सुबुक्तगीन :- भारत पर आक्रमण करने वाला प्रथम तुर्क

↓

महमूद गजनवी :- यह सुबुक्तगीन का बेटा था।

* इसने सीस्तान के शासक खलफ बिन अहमद को पराजित किया।
* खलीफा ने इसे सुल्तान की उपाधि प्रदान की।
* यह प्रथम मुसलमान था जिसने सुल्तान की उपाधि धारण की।

उपाधि = बुतशिकन (मूर्तिभंजक)

→ खलीफा के समक्ष हिन्दुस्तान पर प्रतिवर्ष आक्रमण करने का प्रण लिया

→ इसने भारत पर 17 आक्रमण किए।

→ 1000 AD - वैहिन्द पर आक्रमण

* जयपाल को पराजित किया व जयपाल ने आत्महत्या कर ली।

1009 AD - नारायणपुर (अलवर)

1014 AD - थानेश्वर (हरियाणा)

1016 AD - कश्मीर → असफल आक्रमण

1018-19 AD - कन्नौज एवं मथुरा

1025 AD - प्रभासपट्टन (सोमनाथ)

* सबसे सफल आक्रमण
* वापस लौटते समय कच्छ व सिन्ध का रास्ता लिया था।

1027 AD - जाटों के विरुद्ध अभियान

* अन्तिम अभियान

1030 AD - गजनवी की मृत्यु

दरबारी विद्वान :-

1.	उत्बी	किताब उल यामिनी
2.	बैहाकी	तारीख ए सुबक्तगीन
		तारीख ए मसुदी

* लेनपुल ने बैहाकी को पूर्व का पेप्स कहा है।

Imp.

3.	फिरदौसी	शाहनामा (ईरान का National epic)

mains

4.	अल बिरूनी / बरूनी	तहकीक ए हिन्द / किताब उल हिन्द (अरबी भाषा)

* ख्वारिज्मी का निवासी था।
* इसे फारसी, अरबी, तुर्की भाषाओं का ज्ञान था।
* यह दर्शनशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र, खगोलशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान का ज्ञाता था।
* कन्नौज आक्रमण के समय भारत आया।
* भारत में संस्कृत एवं ज्योतिष शिक्षा का ज्ञान प्राप्त किया [बनारस में]
* अपनी पुस्तक में सती प्रथा, वर्ण व्यवस्था तथा जाति प्रथा का वर्णन करता है।
* भारतीयों को विद्वान बताता है लेकिन भारतीयों को कूप मंडूक बताता है।

मोहम्मद गौरी

राजधानी = गजनी

अन्य नाम = मो. बिन साम

* इसका सम्बन्ध गौर प्रान्त से था इसलिए गौरी कहलाया
* इसका गजनवी के साथ कोई सम्बन्ध नहीं था।

→ 1175 AD - मुल्तान अभियान

1178 AD - गुजरात अभियान

* शासक = मूल II / भीम II (गुजरात)
* इसकी माँ नायिका देवी इसकी संरक्षिका थी।
* नायिका देवी को गौरी को बुरी तरह पराजित किया।
* भीम II की राजधानी = अन्हिलपाटन

1191 AD - तराइन का प्रथम युद्ध

* पृथ्वीराज चौहान V/s गौरी
  ↓
  पराजित

1192 AD - तराइन का द्वितीय युद्ध

पृथ्वीराज चौहान V/s गौरी
↓
जीत गया

* इस समय दिल्ली का शासक गोविन्द III था।

1194 AD - चन्दावर का युद्ध

गौरी V/s जयचन्द गहड़वाल (कन्नौज)
↓
जीत गया

→ गौरी ने ऐबक को विजित क्षेत्रों का गवर्नर नियुक्त किया एवं गजनी चला गया।

→ 1205 AD - खोखरों के विरुद्ध अभियान

→ गौरी घायल हो गया एवं 1206 में उसकी मृत्यु हो गई।

→ गौरी ने मोहम्मद बिन साम नाम के सिक्के चलाए जिन्हें देहलीवाल सिक्के कहा जाता है।

→ सिक्कों पर देवी लक्ष्मी का चित्र मिलता है।

सल्तनत काल

ममलुक वंश / गुलाम वंश :- [1206 - 1290]

कुतबुद्दीन ऐबक :- [1206 - 10]

→ ऐबक का शाब्दिक अर्थ = चन्द्रमा का स्वामी

→ उपाधियाँ -

① कुरान खाँ

② लाखबख्श

③ हातिम II

→ इसने सुल्तान की उपाधि धारण नहीं की।

→ इसने अपने नाम के सिक्के नहीं चलवाए।

→ अपने नाम का खुत्बा नहीं पढ़वाया।

→ अपने विरोधियों के साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किए।



→ 1208 में गौरी के उत्तराधिकारी गयासुद्दीन ने इसे दासता से मुक्त किया।

→ 1210 में लाहौर में ऐबक की चौगान (Polo) खेलते हुए मृत्यु हो गई।

10. <u>आरामशाह</u> [1210-11]

<u>इल्तुतमिश</u> [1211-36]

→ यह इल्बरी तुर्क था।

→ यह बदायू (UP) का गर्वनर था।

→ ऐबक का दामाद था।

→ इसने तुर्कान ए चिहलगानी / चहलगानी का गठन किया।

→ इसे चालीसा दल भी कहा जाता है।

→ इसने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया।

→ यह दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक था।

→ इसने इक्ता व्यवस्था को आरम्भ किया [काम के बदले भूमि देना (जागीरदारी, सूबेदारी)]

→ इसने अरबी पद्धति पर दो सिक्के चलाए -

1. चाँदी का = टंका
2. ताँबे का = जीतल

→ तराइन का तृतीय युद्ध - 1216

इल्तुतमिश V/s ताजुद्दीन यल्दोजी

* इसने यल्दोजी को पराजित किया।

→ इसने कुबाचा को कई बार पराजित किया।

→ कुबाचा सिन्धु नदी में डूबकर मर गया।

→ 1221 - जलालुद्दीन मंगबरनी का पीछा चंगेज खान कर रहा था।

* इल्तुतमिश ने मंगबरनी की कोई सहायता नहीं की।

* उसने अपने साम्राज्य को मंगोल आक्रमण से बचा लिया।

→ 1229 - खलीफा से सुल्तान की उपाधि धारण की।

→ अपने पुत्र नासिरूद्दीन को उत्तराधिकारी घोषित किया।

→ नासिरूद्दीन की मृत्यु लड़ते हुए बंगाल में हुई।

→ इसने रजिया को उत्तराधिकारी घोषित किया।

→ ग्वालियर अभियान के समय रजिया के नाम के सिक्के चलाए।

→ ग्वालियर अभियान के समय बलबन को खरीदा।

→ 1236 - मृत्यु

* सुल्तान = खलीफा का प्रतिनिधि

* बादशाह = स्वयंभू एवं स्वतन्त्र शासक

रुकनुद्दीन फिरोज [1236] :-

→ यह आलसी प्रवृत्ति का था।

→ वास्तविक शक्तियाँ इसकी माँ शाह तुर्कान के पास थी।

→ शाह तुर्कान निरंकुश थी।

→ रजिया जनता की सहायता से शासिका बनी।

रजिया सुल्तान [1236-40] :-

→ यह कुबा व कुलाह पहनकर दरबार में आती थी।

→ यह तीरदांजी, घुड़सवारी तथा शिकार करती थी।

→ इसने कुछ पद प्रदान किए -

1. कबीर खाँ = लाहौर का गवर्नर

* कबीर खाँ ने रजिया के विरुद्ध विद्रोह किया [प्रथम विद्रोह]

2. अल्तूनिया = तबरहिन्द का गवर्नर

3. एतगीन = अमीर ए हाजिब

4. याकुत = अमीर ए आखुर

↓

* यह अफ्रीकी था।

* इसका रजिया के साथ प्रेम सम्बन्ध था।

* अल्तूनिया ने विद्रोह कर दिया, रजिया उसके विद्रोह का दमन करने हेतु गयी लेकिन वह पराजित हो गई।

12. → रजिया ने अल्तूनिया से विवाह कर लिया।
→ अमीरों ने बहरामशाह को सुल्तान बना दिया।
→ रजिया व अल्तूनिया ने दिल्ली पर आक्रमण कर दिया लेकिन पराजित हुए
→ कैथल (HR) नामक स्थान पर डाकुओं ने रजिया की हत्या कर दी।

बहरामशाह [1240-42] :-
→ नायब ए मुमलिकात नामक पद का सृजन किया गया एवं एतगीन को प्रथम नायब ए मुमलिकात नियुक्त किया गया।

अलाउद्दीन मसूदशाह [1242-46] :-

नासिरूद्दीन महमूद [1246-66] :-
→ यह बलबन की सहायता से सुल्तान बना।
→ यह बलबन का दामाद था।
→ यह धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था।
→ यह कुरान की प्रतिलिपियाँ लिखता था।
→ इसने बलबन को नायब ए मुमलिकात नियुक्त किया।
→ नासिरूद्दीन ने बलबन को हांसी (HR) का गवर्नर नियुक्त किया।

बलबन [1266-86] :-
→ यह इल्बरी तुर्क था।
→ चालीसा दल का सदस्य था।
→ रजिया सुल्ताना ⇒ अमीर ए शिकार
बहरामशाह ⇒ अमीर ए आखुर
अलाउद्दीन मसूदशाह ⇒ अमीर ए हाजिब
नासिरूद्दीन महमूद ⇒ नायब ए मुमलिकात

→ राजत्व का दैवीय सिद्धान्त -

1. जिल्ल ए इलाही (ईश्वर की छाया)
2. नियाबत ए खुदाई (ईश्वर का प्रतिनिधि)

→ यह रक्त की शुद्धता में विश्वास रखता था।

→ इसका संबंध ईरान के आफराशियाब वंश से था।

→ इसने ईरानी रीति - रिवाज एवं प्रथाएँ आरम्भ की।

1. सिजदा
2. पैबोस / पायबोस
3. नौरोज / नवरोज त्योहार
4. तुलादान
5. ताजिया

→ इसने अपने दरबार को भव्य रूप से सजाया।

→ अफ्रीकी अंगरक्षकों को नियुक्त किया।

→ अपने बच्चों के ईरानी नाम रखे -
कैकुबाद, कैखुसरो, क्यूमर्श

→ यह लौह एवं रक्त की नीति में विश्वास करता था।

→ इसने चालीसा दल का दमन किया।

→ अमीर बकबक को सजा दी।

→ तुगरिल खाँ ने बंगाल में इसके विरुद्ध विद्रोह किया।

→ इसने अमीन खाँ को मृत्युदण्ड दिया क्योंकि वह तुगरिल खाँ का विद्रोह, का दमन
करने में असफल रहा।

→ मलिक मुक्कदीर ने तुगरिल के विद्रोह का दमन किया।

→ बलबन ने मलिक मुकद्दिर को 'तुगरिलकुश' की उपाधि दी।

→ इसने मेवात व कटेहर (UP) के विद्रोह का दमन किया।

→ इसने महमूद को उत्तराधिकारी घोषित किया।

→ महमूद मंगोलों से लड़ता हुआ मारा गया।

→ इसने महमूद को 'शहीद' का दर्जा दिया।
→ इसने कभी कोई बाहरी अभियान नहीं किया।
→ इसने सैनिक विभाग की स्थापना की - 'दीवान ए अर्ज'
→ गुप्तचर विभाग = दीवान ए बरीद
→ बलबन ने कैखुसरो को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया।

कैकुबाद [1286-90] :-

→ यह शराबी था।
→ इसे लकवा हो गया।

क्युमर्श :-

→ इसका संरक्षक जलालुद्दीन खिलजी था।
→ जलालुद्दीन ने इसकी हत्या करवा दी।

खिलजी वंश

1290 - 1320

→ खिलजी मूलतः तुर्क थे लेकिन इनके पूर्वज अफगानिस्तान में बस गए।

→ इन्होंने अफगानी रीति - रिवाजों तथा संस्कृति को अपना लिया था।

→ इतिहासकारों के अनुसार यह खिलजी क्रान्ति थी।

1. तुर्क श्रेष्ठता की मनोवृत्ति को आघात लगा।

2. खिलजी शासकों ने साम्राज्यवादी नीति को अपनाया।

3. खिलजी शासकों ने धर्म को राजनीति से पृथक् किया।

4. सांस्कृतिक योगदान

जलालुद्दीन खिलजी [1290 - 96] :-

→ एक वर्ष तक किलोखरी को अपना केन्द्र बनाया।

→ इसने बलबन के सिंहासन का प्रयोग नहीं किया।

→ इसने मलिक छज्जू के विद्रोह को माफ कर दिया [बलबन का भतीजा]

→ इसने सूफी सन्त सिदी मौला को मृत्यु दण्ड दिया।

→ इसने दीवान ए वकूफ [व्यय विभाग] की स्थापना की।

→ मंगोल नेता अब्दुल्ला ने भारत पर आक्रमण किया लेकिन जलालुद्दीन खिलजी ने उसे पराजित किया।

→ मंगोल नेता उलूग खाँ दिल्ली में बस गया [मंगोलपुरी]

→ इन्हें नवीन मुसलमान कहा जाता है।

→ दिल्ली के ठग एवं चोरों को दावत दी एवं दिल्ली से बाहर भेज दिया

→ AK ने दक्षिण भारत में देवगिरी पर आक्रमण किया।

→ AK ने जलालुद्दीन की हत्या कर दी।

अलाउद्दीन खिलजी [1296 - 1316] :-

बचपन का नाम = अली, गुरशास्प

पालन-पोषण = जलालुद्दीन खिलजी (चाचा)

→ यह कड़ा एवं माणिकपुर का सूबेदार था।

→ दिल्ली प्रवेश के समय इसने जनता में धन बाँटा।

→ इसके दो सपने थे :-

① विश्व विजय → सिकन्दरसानी

② नया धर्म

→ काजी मुंगीस (मुंगीसुद्दीन) के साथ उसका संवाद काफी प्रसिद्ध है।

→ इसके समय कुछ विद्रोह हुए :-

1. नवीन मुसलमानों का विद्रोह
2. मंगू खाँ का विद्रोह
3. अक्त खाँ का विद्रोह
4. हाजी मौला का विद्रोह

→ विद्रोह रोकने के लिए AK के सुधार :-

① अतिरिक्त आय के स्रोतों को समाप्त किया।

② शराब की गोष्ठियों पर प्रतिबन्ध लगाया।

③ अमीरों में वैवाहिक सम्बन्ध खिलजी की अनुमति से ही संभव थे।

④ गुप्तचर व्यवस्था को दुरुस्त किया।

→ अभियान :-

① 1299 :- गुजरात अभियान

* यहाँ का शासक कर्ण बघेल था।
* कर्ण बघेल पराजित हुआ।
* कर्ण बघेल एवं देवलरानी (पुत्री) देवगिरी चले गए।
* कर्ण बघेल की पत्नी कमलादेवी ने AK से विवाह किया।

1299 - जैसलमेर

1301 - रणथम्भौर

1303 - चित्तौड़

1305 - मालवा

1308 - सिवाणा

1311 - जालौर

दक्षिण भारत के अभियान :-

→ दक्षिण भारत के अभियानों का नेतृत्व मलिक काफूर ने किया था।



→ प्रतापरूद्रदेव ने मलिक काफूर को कोहिनूर का हीरा दिया।

→ मदुरै अभियान सबसे सफल अभियान था [लूट सर्वाधिक मिली]

→ वीर पाण्डय ने अधीनता स्वीकार नहीं की।

सैनिक सुधार :-

① खिलजी ने नियमित सेना का गठन किया एवं उन्हें वेतन देना आरंभ किया

② खुम्स में उनकी हिस्सेदारी को कम किया गया।

खुम्स

	सेना	सुल्तान
पहले	80%	20%
अब	20%	80%

③ इसने सैनिकों का हुलिया लिखवाना आरम्भ किया।

⑤ इसने घोड़ो को दागना आरम्भ किया।

राजस्व सुधार :-

① इसने भूमि की पैमाइश करवायी जिसे मसाहत कहा जाता है।

② इसने भू-राजस्व दर को बढ़ाकर 50 % कर दिया।

③ इसने एक विभाग की स्थापना की - दीवान ए मुस्तखराज → राजस्व विभाग
यह बकाया भू-राजस्व कर वसूलता था।

④ इसने दो नए कर लगाए -
(i) चरी कर
(ii) घरी कर

बाजार सुधार :-

① वस्तुओं के दाम नियंत्रित किए गए।

② सभी व्यापारियों को बदायूं द्वार के पास स्थापित किया गया।

③ बाजार को 3 भागों में विभाजित किया गया -
(i) सराय ए अदल
(ii) मण्डी
(iii) दासों व जानवरों का बाजार

④ बाजार सुधार हेतु विभाग की स्थापना की गई -
दीवान ए रियासत
* यह व्यापारियों का पंजीकरण करता था।

⑤ शहना ए मण्डी ⇒ पुलिस अधिकारी

⑥ बरीद
मुन्हियान } ⇒ गुप्तचर

⑦ परवाना नवीस ⇒ यह महँगी वस्तुएँ खरीदने का लाइसेंस देता था।

→ स्रोत :-

अमीर खुसरो	-	खजाइन उल फुतुह
जियाउद्दीन बरनी	-	तारीख ए फिरोजशाही
इब्नबतुता	-	रेहला
अबु बक्र इसामी	-	फुतुह उस सलातीन

चार खान :-

① जफर खान :- मंगोलों से लड़ता हुआ मारा गया।

② नुसरत खान :- रणथम्भौर अभियान में मारा गया।

③ उलूग खान

④ अलप खान

अन्य प्रसिद्ध सेनापति :-

① गाजी मलिक :- इसने मंगोलों को कई बार पराजित किया।

② मलिक काफूर :- यह गुजरात का हिन्दु था।

* यह किन्नर था।

* गुजरात अभियान के समय नुसरत खान के इसे भंडौच बन्दरगाह से 1000 दीनार में खरीदा। इसलिए इसे 1000 दीनारी कहा जाता है।

* मलिक काफूर के कहने पर AK ने अपने पुत्रों खिज्र खाँ व शादी खाँ की हत्या करवा दी एवं मुबारक खिलजी को जेल में डाल दिया।

* सर्वाधिक मंगोल आक्रमण AK के समय हुए।

<u>शिहाबुद्दीन उमर [1316]</u> :-

→ इसका संरक्षक मलिक काफूर था।

→ मुबारक खिलजी ने मलिक काफूर की हत्या करवा दी।

<u>मुबारक खिलजी</u> [1316-20]-

→ यह शराबी था।

→ इसने स्वयं को खलीफा घोषित किया।

→ इसने निजामुद्दीन औलिया के अभिवादन को अस्वीकार किया।

→ यह महिलाओं के कपड़े पहनता था।

→ खुशरवशाह/खुशरो ने इसकी हत्या कर दी।

20. खुशरवशाह [1320] -

→ यह भारतीय मुसलमान था।

→ इसने स्वयं को पैगम्बर का सेनापति घोषित किया।

→ इसके विरोधियों ने "इस्लाम खतरे में है" के नारे लगाए।

→ इसने सूफी सन्त निजामुद्दीन औलिया को 5 लाख टंके भेंट किए।

→ गाजी मलिक ने तुर्कों की सहायता से इसकी हत्या कर दी।

तुगलक वंश

1320 - 1414

→ इन्होंने 94 वर्षों तक शासन किया ⇒ सल्तनतकाल में सर्वाधिक समय

→ यह कौरानी तुर्क थे।

गयासुद्दीन तुगलक [1320-25] :-

→ वास्तविक नाम = गाजी मलिक

→ प्रथम शासक जिसने अपने नाम में गाजी शब्द का प्रयोग किया।

→ रश्म ए मियामी ⇒ उसकी राजस्व नीति

→ इसने भू-राजस्व दर को घटाकर 1/10 कर दिया।

→ इसने नहरों का निर्माण करवाया।

→ सूफी सन्त निजामुद्दीन औलिया के साथ इसका विवाद हो गया।

→ औलिया ने कहा -
"हनूज दिल्ली दूरस्थ" (दिल्ली अभी दूर है)

→ लकड़ी के महल में दबकर इसकी मृत्यु हो गई।

→ लकड़ी के महल के निर्माण जौना खाँ ने करवाया था।

→ सल्तनत काल का प्रथम सुल्तान जिसने नहरों का निर्माण करवाया।

मोहम्मद बिन तुगलक [1325-51] :-

→ वास्तविक नाम = जौना खाँ

→ यह निजामुद्दीन औलिया का शिष्य/अनुयायी था।

→ यह सल्तनतकाल का सबसे विद्वान शासक था।

→ इसे कई भाषाओं का ज्ञान था जैसे- तुर्की, अरबी, फारसी etc.

→ इसे कई विषयों का ज्ञान था जैसे - दर्शनशास्त्र, सुलेखन, ज्योतिषशास्त्र खगोलशास्त्र

→ इतिहासकार इसे पागल, रक्त-पिपासु बताते हैं।

→ वह प्रयोगधर्मी शासक था।

→ **प्रयोग :-**

① गंगा - यमुना दोआब में कर वृद्धि

* इसने कर को बढ़ाकर 1/2 कर दिया लेकिन वहाँ अकाल पड़ा।

* कालान्तर में इसने किसानों को अग्रिम कृषि ऋण सोनधर प्रदान किए

② इसने दीवान ए अमीरकोही (कृषि विभाग) की स्थापना की।

③ प्रतीकात्मक मुद्रा :-

* इसने चाँदी के सिक्कों के स्थान पर ताँबे के सिक्के चलाए लेकिन यह प्रयोग असफल रहा।

कारण :-

(i) जनता इसके महत्व को समझ नहीं पाई।

(ii) अधिकारियों द्वारा असहयोग

(iii) जाली मुद्रा

(iv) विदेशी व्यापारियों ने इसे स्वीकार नहीं किया।

(v) अपूर्ण तैयारी

* प्रेरणा :- (i) कुबलई खाँ (ii) गेताखु

④ राजधानी परिवर्तन

* देवगिरी को नई राजधानी बनाया गया एवं उसका नाम दौलताबाद रखा गया लेकिन यह प्रयोग असफल रहा।

* परिवर्तन के कारण :-

(i) इब्नबतुता एवं अबु बक्र इसामी के अनुसार जनता सुल्तान को गालियों भरे पत्र लिखती थीं। इसलिए इसने जनता को दण्डित किया।

(ii) बरनी के अनुसार सल्तनत के केन्द्र में राजधानी स्थापित की गई।

(iii) कुछ इतिहासकारों के अनुसार मंगोलों के आक्रमण से बचने के लिए राजधानी परिवर्तन किया गया।

• इस समय मंगोलों ने भारत पर एक बार आक्रमण किया। इनका नेता तमराशरीन था।

* वास्तविकता में राजधानी का पूर्णतः स्थानान्तरण नहीं हुआ था।

* हमें दिल्ली टकसाल के सिक्के प्राप्त होते हैं।
* अरब यात्री अब्बासी दो राजधानियों का उल्लेख करता है।

⑤ खुरासान अभियान :-



→ मोहम्मद बिन तुगलक ने 3.70 लाख सैनिकों को भर्ती किया एवं उन्हें अग्रिम वेतन दिया।
* कालान्तर में यह योजना ~~रद्द~~ रद्द हो गई।

⑥ कराचिल अभियान :-
* इसकी सेना कराचिल अभियान पर गई लेकिन आपदा के कारण समाप्त हो गई, मात्र 3 लोग जीवित लौटे (10); तुगलक ने उनकी हत्या करवा दी।

→ सर्वाधिक विद्रोह इसके समय हुए [सल्तनतकाल में]

→ इसके समय सल्तनत सबसे विस्तृत था।

→ यह धार्मिक रूप से सहिष्णु शासक था।

→ होली उसका पसंदीदा त्यौहार था।

→ **इब्नबतूता :-**
- मोरक्को का निवासी था।
  (अफ्रीका)
- 1333 में भारत आया।
- तुगलक ने इसे दिल्ली में काजी के पद पर नियुक्त किया।
- इसे कुछ दिनों के लिए जेल में डाला था।
- तुगलक ने इसे दूत बनाकर चीन भेजा।
- इसने अपना यात्रा वृतान्त चीन में जाकर लिखा - रेहला (अरबी भाषा

→ 1351 में थट्टा (सिन्ध) में मोहम्मद बिन तुगलक की मृत्यु हुई।

फिरोज तुगलक [1351 - 86] :-

→ राज्याभिषेक = थट्टा (सिन्ध)
→ यह मोहम्मद बिन तुगलक (MBT) का चचेरा भाई था।
→ यह MBT का वैध उत्तराधिकारी नहीं था।
→ यह अमीरों तथा उलेमाओं की सहायता से शासक बना।
→ अमीर एवं उलेमा इसके समय अत्याधिक शक्तिशाली हो गए थे।
→ भ्रष्टाचार बढ़ गया था।
→ 'अफीफ' इतिहासकार भ्रष्टाचार की जानकारी देता है।
→ फिरोज ने अमीरों के पदों को वंशानुगत कर दिया [मुख्य रूप से इक्ता]

सुधार :-

1. इसने हेसामुद्दीन जुनैद से राज्य की वार्षिक आय की गणना करवाई जो 6.78 करोड़ टंका थी।
2. इसने 3 नए सिक्के चलाए -
(i) शशगानी (6 गुना)
(ii) अद्धा (1/2)
(iii) बिख (1/4)
3. इसने शरिया कानून के अनुसार केवल 4 कर लागू किए -
(i) खुम्स - लूट
(ii) खराज - भू-राजस्व कर
(iii) जजिया - राजनीतिक कर
(iv) जकात - मुस्लिमों द्वारा दिया गया दान (आय का 40 वाँ हिस्सा)
4. इसने 23 प्रकार के करों को समाप्त किया जिन्हें 'अबवाब' कहा जाता था
5. इसने नहरों का निर्माण करवाया।
प्रमुख नहरें :- राजावाही
उलूगखानी
6. इसने 300 शहरों की स्थापना की।
प्रमुख शहर :-
(i) फिरोजशाह कोटला - 5 वीं दिल्ली

(ii) फिरोजाबाद

(iii) फिरोजपुर

(iv) हिसार फिरोजा

(v) फतेहाबाद :- अपने पुत्र फतेह खान की याद में

(vi) जौनपुर :- अपने भाई जौना खान की याद में

* बंगाल अभियान से लौटते समय जौनपुर शहर बसाया गया।

7. इसने 1200 उद्यानों का निर्माण करवाया।

8. इसने कुछ विभागों की स्थापना की :-

(i) दीवान ए खैरात :- दान विभाग (गरीब मुसलमानों के लिए)

(ii) दीवान ए इस्तिहाक :- पेंशन विभाग

(iii) दीवान ए बन्दगान :- गुलाम विभाग

(iv) शफाखाना / दार उल शफा :- चिकित्सालय

9. इसने एक सिंचाई कर लागू किया :- हक ए शर्ब

उश्र :- मुसलमानों की भूमि

उश्री कर :- उश्र पर लगाया कर

अभियान :-

→ फिरोज तुगलक अच्छा सेनानायक नहीं था।

→ इसने बंगाल व सिन्ध पर अभियान किए।

→ सिन्ध अभियान को अत्यनंत कुव्यवस्थित अभियान कहा जाता है।

धार्मिक नीति :-

→ इसकी माँ हिन्दू थी।

→ इसने ब्राह्मणों पर जजिया कर लागू किया।

→ बंगाल अभियान से लौटते समय पुरी के जगन्नाथ मन्दिर को तुड़वाया।

→ इसने ज्वाला देवी मन्दिर [HP] को तुड़वाया।

→ ज्वाला देवी मन्दिर से प्राप्त संस्कृत पाण्डुलिपियों का फारसी में अनुवाद करवाया।

अनुवादक = अजीजुद्दीन

अनुवाद का नाम = दलायले फिरोजशाही

→ फिरोज की आत्मकथा = फुतुहात ए फिरोजशाही

→ जियाउद्दीन बरनी की पुस्तकें :-

(i) तारीख ए फिरोजशाही

(ii) फतवा ए जहाँदारी

→ शम्स ए शिराज अफीफ की पुस्तकें :-

(i) तारीफ ए फिरोजशाही

→ लेखक : अज्ञात
पुस्तक : सीरत ए फिरोजशाही

* इसमें नहरों की जानकारी मिलती है।

→ फिरोज के आर्थिक सुधारों का श्रेय उसके मंत्री "खान ए जहाँ तेलंगानी" को जाता है।

* यह तेलंगाना का ब्राह्मण था।

* इसका बास्तविक नाम 'कन्नु' था।

गयासुद्दीन तुगलक II [1386] :-

→ इस समय गुलाम अत्यधिक शक्तिशाली हो गए थे।

→ सल्तनत कई भागों में विभाजित हो गया।

नासिरूद्दीन महमूद [1394-1412] :-

→ सल्तनम दिल्ली से पालम तक फैला हुआ था।

→ 1398 :- तैमूर ने भारत पर आक्रमण किया एवं दिल्ली को लूट लिया।

* सुल्तान दिल्ली छोड़कर भाग गया।

* एक भिखारी दौलत ने तैमूर को लंगड़ा कहा (तैमूरलंग)

* तैमूर भारतीय कारीगरों को अपने साथ समरकन्द लेकर गया।

* भारतीय कारीगरों ने समरकन्द में तैमूर के मकबरे का निर्माण किया।

दौलत खाँ लोदी (1412-14) :-

→ खिज्र खाँ ने इसकी हत्या कर दी।

सैय्यद वंश

1414 - 1451

→ यह मोहम्मद साहब के वंशज थे।

<u>खिज्र खाँ</u> :- [1414-21]

→ तैमूर ने इसे मुल्तान एवं पंजाब का गवर्नर बनाया।

→ इसने सुल्तान की उपाधि धारण नहीं की।

→ उपाधि :-
रैय्यत - ए- आला

रैय्यत = किसान/जनता

→ यह स्वयं को तैमूर के पुत्र शाहरूख का प्रतिनिधि मानता था।

<u>मुबारकशाह</u> [1421 - 34]

→ शाह की उपाधि धारण की।

→ याह्या बिन अहमद सरहिन्दी : तारीख ए मुबारकशाही

मोहम्मद शाह [1434 - 45]

<u>अलाउद्दीन आलमशाह</u> [1445-51] :

→ यह सल्तनत का कार्यभार बहलोल लोदी को सौंपकर बदायूं चला गया।

लोदी वंश
1451 - 1526

→ इनका संबंध अफगानों की शाहुखेल शाखा से था।
→ इनके पूर्वज घोड़ों के व्यापारी थे।

बहलोल लोदी [1451 - 89] :-

→ अफगानों का समाज समतामूलक समाज था।
→ सुल्तान को समानों में प्रथम माना जाता था।
→ बहलोल अपने अमीरों का सदैव स्वागत करता था।
→ यह सिंहासन का प्रयोग नहीं करता था।
→ वह अपने अमीरों को मसनद -ए- आली पुकारता था।
→ इसने जौनपुर को जीत लिया।
→ इसने सिक्के चलाए जिन्हें बहलोली सिक्के चलाए जो मुगलकाल तक मान्य थे।

सिकन्दर लोदी [1489 - 1517] :-

→ इसने सिंहासन का प्रयोग आरम्भ किया।
→ इसने सुल्तान के पद को गरिमामय बनाया।
→ इसके अमीर शाही फरमान का भी सम्मान करते थे।
→ "गुलरूखी" उपनाम से लिखता था।
→ इसने आगरा शहर की स्थापना की [1504] एवं 1506 में इसे राजधानी बनाया।
→ इसने सिकन्दरी गज का प्रयोग किया।
→ एकमात्र सुल्तान जिसने खुम्स में हिस्सेदारी नहीं ली।
→ इसने अनाज से चुंगी कर हटा दिया।
→ पसंदीदा वाद्य यंत्र = शहनाई
→ लज्जत ए सिकन्दरशाही ⇒ संगीत ग्रन्थों का फारसी अनुवाद
→ फरहंग ए सिकन्दरी ⇒ आयुर्वेद ग्रन्थों का फारसी अनुवाद
→ कथन :- यदि मैं मेरे गुलाम को पालकी में बिठा दूँ तो अमीर उसे उठाने से इंकार नहीं करेंगे।

धार्मिक नीति :-

① एक ब्राह्मण को मृत्युदण्ड दिया।

② पुरी के जगन्नाथ मन्दिर को तुड़वाया।

③ ज्वालादेवी मन्दिर को तुड़वाया।

④ ज्वालादेवी मूर्ति के टुकड़ो को कसाईयों में वितरित करवाया।

⑤ महिलाओं के मज़ार जाने पर रोक लगाई। दरगाह = मजार + मस्जिद

<u>इब्राहिम लोदी</u> [1517-26] :-

→ इसने अपने व्यवहार से अमीरों को नाराज कर दिया।

→ दौलत खाँ लोदी (पंजाब का गवर्नर) ने बाबर को भारत पर आक्रमण हेतु आमंत्रित किया [अमीर खाँ लोदी भी सम्मिलित (चाचा)]

कथन :-

मेरे अमीर मेरे शाही खेमे का सम्मान करते हैं।

पानीपत का प्रथम युद्ध - 1526

इब्राहिम लोदी v/s बाबर

↓

पराजित व युद्ध मैदान में मारा गया।

mains

सल्तनतकालीन स्थापत्य कला

हिन्दू स्थापत्य शैली एवं मुस्लिम स्थापत्य शैली के मिश्रित रूप को इण्डो-इस्लामिक शैली कहा जाता है।

हिन्दू शैली	मुस्लिम शैली
①  धरणी/शहतीर छज्जे कोष्ठक स्तम्भ	① मेहराब शैली मीनार गुम्बद
② निर्माण सामग्री :- बड़े - बड़े पत्थरों का प्रयोग	② निर्माण सामग्री :- छोटे - छोटे पत्थर, गारा, चूना, टाइल्स
③ अलंकरण :- देवी - देवताओं एवं अप्सराओं की मूर्तियाँ, फूल-पत्ते, बेल - बूटे, घंटियाँ	③ अलंकरण :- कुरान की आयतें, ज्यामितीय आकृतियाँ

अरबस्क शैली :-

हिन्दू एवं मुस्लिम शैली के अलंकरण की मिश्रित शैली को अरबस्क शैली कहा जाता है।

ममलुक वंश :-

कुतुबुद्दीन ऐबक :-

① कुत्वत उल इस्लाम मस्जिद :-

→ सल्तनत काल की प्रथम इमारत

→ निर्माण सामग्री हेतु 27 हिन्दू एवं जैन मन्दिरों को तोड़ा गया।

② कुतुबमीनार :-

→ यह 5 मंजिला इमारत है।

③ अढाई दिन का झोंपड़ा (अजमेर) :-

इल्तुतमिश :-

① सुल्तान गढी का मकबरा
→ यह भारत का प्रथम मकबरा था।
→ इल्तुतमिश को मकबरों का जन्मदाता कहा जाता है।
→ अपने पुत्र नासिरुद्दीन की याद में बनवाया।

② कुतुबमीनार का निर्माण पूर्ण करवाया।

③ अतारकीन का दरवाजा [नागौर] -
→ हमीदुद्दीन नागौरी के सम्मान में

④ गन्धक बावड़ी

⑤ इल्तुतमिश का मकबरा
→ स्क्वीचशैली में बना हुआ है।

बदायू की इमारतें - (i) जामा मस्जिद
(ii) ईदगाह मस्जिद

बलबन :-
① लाल महल
② बलबन का मकबरा
→ प्रथम शुद्ध इस्लामिक शैली में निर्मित मेहराब

खिलजी वंश

* खिलजीकालीन इमारतों पर अत्यधिक सुन्दर अलंकरण का कार्य किया गया है।
* यह खिलजी शासकों की अच्छी आर्थिक स्थिति को दर्शाता है।

अलाउद्दीन खिलजी :-
① नवनगर / नौनगर
② सिरी फोर्ट
③ हजार सितुन का महल
④ हौजखास
⑤ अलाई मीनार
⑥ अलाई दरवाजा - वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निर्मित प्रथम गुम्बद

⑦ जमातखाना मस्जिद :-
शुद्ध इस्लामिक शैली में निर्मित प्रथम इमारत

<u>मुबारक खिलजी</u> :-

① ऊखा मस्जिद (बयाना) [उषा मन्दिर]

<u>तुगलक वंश</u>

* तुगलककालीन इमारतों में मजबूती पर अधिक ध्यान दिया गया है।
* इन इमारतों पर अलंकरण का अभाव है।

<u>गयासुद्दीन</u> :-

① तुगलकाबाद
② तुगलकाबाद का किला
→ इसे छप्पनकोट भी कहा जाता है।
→ इसे सलामी शैली में बनाया गया है जो रोमन शैली से प्रभावित है।
ढलवा दीवारें

③ गयासुद्दीन तुगलक का मकबरा
→ यह एक कृत्रिम झील में बना हुआ है।
→ इस पर हिन्दू प्रभाव दिखाई देता है।
→ इस पर कलश एवं आमलक बने हुए हैं।

<u>मोहम्मद बिन तुगलक</u> :-

① जहाँपनाह
② आदिलाबाद का किला
③ बाराखम्भा :-
इसे धर्मनिरपेक्ष इमारतें कहा जाता है।
④ सतपुल :-

<u>फिरोज तुगलक</u> :-

① फिरोजशाह कोटला (5th दिल्ली)
② खिरकी मस्जिद → ASI को यहाँ से सिक्के मिले हैं।
③ बेगमपुरी मस्जिद

④ काली मस्जिद

⑤ कला मस्जिद

⑥ कुश्क ए शिकार मस्जिद

→ इसके समय को मस्जिदों का काल कहा जाता है।

Imp.
⑦ खान ए जहाँ तेलंगानी का मकबरा

→ यह भारत का प्रथम अष्टकोणीय मकबरा है।

→ इसका निर्माण जौना खाँ (पुत्र) ने करवाया।

→ अशोक के टोपरा व मेरठ स्तम्भों को दिल्ली में स्थापित करवाया।

गयासुद्दीन तुगलक II :-

① कबीरुद्दीन औलिया का मकबरा

→ गयासुद्दीन तुगलक के समय निर्माण आरम्भ हुआ।

→ इसे लाल गुम्बद कहा जाता है।

सैय्यद वंश

☆ सैय्यद काल व लोदी काल को मकबरों का काल कहा जाता है।

खिज्र खाँ :-

खिज्राबाद

मुबारकशाह :-

मुबारकाबाद

लोदी वंश

सिकन्दर लोदी :-

→ इसने बहलोल लोदी के मकबरे का निर्माण करवाया।

मोठ की मस्जिद -

→ इसका निर्माण सिकन्दर लोदी के सेनापति मियां भुंआ ने करवाया।

इब्राहिम लोदी :-

→ इसने सिकन्दर लोदी के मकबरे का निर्माण करवाया।

→ प्रथम इमारत जहाँ दोहरे गुम्बद का निर्माण किया गया।

→ लोदी काल की अन्य प्रसिद्ध इमारतें :-

① बड़े खाँ का मकबरा

② छोटे खाँ का मकबरा

③ दादी का मकबरा

④ पोती / पोली का मकबरा

Mains

← सल्तनतकालीन साहित्य →

लेखक	पुस्तक
हसन निजामी	ताज उल मासिर
मिनहाज उस सिराज	तबकात ए नासिरी
Imp. अमीर खुसरो	1. नूंह सिपेहर * (भारत की भौगोलिक स्थिति का वर्णन

* कश्मीर की प्रशंषा करता है।

" गर फिरदौस बर रहू जमीं अस्त,
हमी अस्तो, हमी अस्तो, हमी अस्त ॥"

2. किरान उस सादेन
(बुगरा खाँ तथा कैकुबाद का संवाद)

3. मिफ्ता उल फुतुह
(जलालुद्दीन खिलजी की जानकारी)

4. खजाइन उल फुतुह (तारीख ए अलाई
[AK की जानकारी]
[फारसी साहित्य में पहली बार जौहर शब्द का उल्लेख किया गया है]
[हम्मीर की बेटी ने जलजौहर किया था]

5. तुगलकनामा
[तुगलक शासकों की जानकारी]

6. आशिका / आशिकी
(खिज्र खाँ एवं देवलरानी की कहानी)

→ खुसरो निजामुद्दीन औलिया का शिष्य था।
→ इसे 'हिन्द का तोता' कहा जाता है।
→ यह सात सुल्तानों के समकालीन रहा।
→ यह प्रथम व्यक्ति था जिसने अपनी रचनाओं में हिन्दी लोकोक्ति एवं मुहावरों का प्रयोग किया।

→ इसने संगीत में योगदान दिया।
→ तम्बूरा एवं वीणा को मिलाकर सितार का आविष्कार किया।
→ कव्वाली, तराना जैसी गायन शैली प्रारंभ की / विकसित की।
→ इसने गजल तथा ख्याल जैसी गायन शैली को विकसित किया।

Pre.

सल्तनतकालीन प्रशासन

① **सुल्तान :-**

→ केन्द्रीकृत, निरंकुश, वंशानुगत, राजतंत्रात्मक शासन व्यवस्था थी।

→ सिद्धान्ततः खलीफा का प्रतिनिधि होता था लेकिन व्यवहारिकता में वह स्वतंत्र शासन [सुल्तान] करता था।

→ उसकी सहायता हेतु एक मन्त्रिमण्डल होता था जिसे "मजलिस ए खलवत" कहा जाता था।

② वजीर :- वित्त मंत्री

③ मुशरिफ ए मुमालिक : महालेखाकार
④ मुस्तौफी ए मुमालिक : महालेखा परीक्षक
} वजीर के अधीनस्थ

(I) दीवान ए इंशा :- पत्राचार विभाग

(II) दीवान ए बरीद : गुप्तचर विभाग

(III) दीवान ए अर्ज : सैनिक विभाग
↓
प्रमुख = आरिज ए मुमालिक

(IV) दीवान ए वकूफ : व्यय विभाग

(V) दीवान ए नजर : उपहार विभाग

(VI) दीवान ए रसालत : विदेश विभाग

(VII) दीवान ए मुस्तखराज : राजस्व विभाग

(VIII) दीवान ए अमीरकोही : कृषि विभाग

प्रसिद्ध अधिकारी :-

अमीर ए शिकार	=	शिकार अधिकारी
अमीर ए आखुर	=	अश्व अधिकारी
अमीर ए हाजिब	=	सुल्तान का निजी सहायक [P.A.]
अमीर ए मजलिस	=	शाही दावत की व्यवस्था करने वाला
वकील ए दर	=	शाही महल की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला
शहना ए पिल	=	हस्थीशाला का प्रमुख
सद्र उस सुदूर	=	धार्मिक मामलों का प्रमुख
काजी उल कज्जात	=	न्यायाधीश

प्रान्तीय प्रशासन :-

इक्ता ⇒ इक्तेदार, वलि

वजे (छोटी इक्ता) ⇒ वजेदार

सैनिक प्रशासन :-

1. हश्म ए कल्ब : केन्द्रीय सेना
2. हश्म ए अतराफ : प्रान्तीय सेना
3. सवार ए कल्ब : घुड़सवार सेना
4. खास ए खैल : अंगरक्षक सेना

→ AK ने नियमित सेना का गठन किया।

→ MBT ने दशमलव पद्धति पर सेना का गठन किया।

10 सवार ⇒ 1 सर ए नौबत / सर ए खेल

10 सर ए नौबत ⇒ 1 सिपहसालार

10 सिपहसालार ⇒ 1 अमीर

10 अमीर ⇒ 1 मलिक

10 मलिक ⇒ 1 खान

हथियार :-

① मंगलिक
② गुलेल
③ अर्राट

न्याय प्रशासन :-

सर्वोच्च न्यायाधीश = सुल्तान

प्रधान न्यायाधीश = काजी

न्याय विभाग का प्रमुख = काजी

काजी जिसकी सहायता से न्याय करता था = मुफ्ती

→ फौजदारी मामलों में हिन्दुओं एवं मुसलमानों हेतु समान कानून होता था लेकिन दीवानी मामलों में हिन्दुओं व मुसलमानों हेतु अलग कानून थे।

★→ गाँवों में पण्डित एवं काजी न्याय का कार्य करते थे।

कानून के स्रोत :-

① कुरान
② हदीस : मोहम्मद साहब की शिक्षाएँ एवं जीवन की घटनाएँ
③ इज्मा : धार्मिक व्याख्याकारों की शिक्षाएँ
④ कयास : काजी द्वारा अनुमानित सजा

★ देश का कानून - स्थानीय कानून

राजस्व व्यवस्था :-

→ भू-राजस्व कर राजस्व का प्रमुख स्रोत था।

→ राजस्व वसूलने की पद्धति "बटाई" कहलाती थी।

→ बटाई के प्रकार :-

(i) खेत बटाई
(ii) लँक बटाई
(iii) रास बटाई

→ बटाई के अन्य प्रसिद्ध नाम :

① किस्मत ए गल्ला

② गल्ला ए बख्शी
③ हासिल

→ कनकूत :- भू-राजस्व वसूलने की अन्य पद्धति [कण + कूँतना]

Note :- शराब बनाने की आसवन विधि का आरम्भ हुआ ।
कागज बनाने की विधि तुर्कों ने आरम्भ की ।
कलई विधि आरंभ हुई (बर्तन चमकाना) ।

मुगलकाल
1526 - 1707 (1857)

बाबर :-

→ जन्मस्थान = फरगना (उज्बेकिस्तान), मध्य एशिया

→ जन्म = 1483 AD

→ दादी = दौलत अहसान बेगम (इसकी सहायता से 1494 में फरगना का शासक बना)

→ वह समरकन्द को जीतना चाहता था।

→ 1504 : काबुल

→ 1519 : भैरा व बाजौर (Pak.) पर आक्रमण
- * यह भारत पर उसका प्रथम आक्रमण था।
- * बाबर ने पहली बार भारत में बारूद का प्रयोग किया।

→ 1526 : पानीपत का प्रथम युद्ध
- * बाबर ने तोपखाने का प्रयोग किया।
- * अली एवं मुस्तफा = तोपची
- * तुगलमा पद्धति / उस्मानी पद्धति का प्रयोग किया था।
- * इस युद्ध के पश्चात बाबर ने कहा था - " काबुल की गरीबी और नहीं "
- * प्रत्येक काबुलवासी को शाहरुख नामक चाँदी का सिक्का दिया।
- * इस कारण "कलन्दर" के रूप में प्रसिद्ध हुआ

→ 1527 : खानवा का युद्ध
बाबर V/s सांगा

→ 1528 : चंदेरी का युद्ध
बाबर V/s मेदिनीराय

→ 1529 : घाघरा का युद्ध
बाबर V/s अफगान

→ 1530 : बाबर की मृत्यु

mains
→ बाबर की आत्मकथा : तुजुक ए बाबरी / बाबरनामा
↓
भाषा = चगताई तुर्क

→ पायन्दा खाँ ने इसका फारसी में अनुवाद किया।

→ अब्दुल रहीम खान खाना ने अकबर के समय इसका फारसी में अनुवाद किया।

→ आर्सकीन एवं लीडेन ने इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया।

→ "पावेत दी कार्तले" ने फ्रांसीसी भाषा में अनुवाद किया।

→ इसमें भारत की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति का वर्णन किया है।

→ दो हिन्दु राजाओं का उल्लेख करता है -

① कृष्णदेवराय : इसे भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बताता है।

② राणा सांगा : इसके शौर्य की प्रशंषा करता है।

→ 5 मुस्लिम राज्यों का उल्लेख करता है -

① दिल्ली
② बंगाल
③ गुजरात
④ मालवा
⑤ बहमनी

→ भारत को कारीगरों का देश बताता है।

→ भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध बताता है।

→ आम को फलों का राजा बताता है।

→ गंगा नदी का उल्लेख करता है।

→ भारत के तीन अभिशाप बताता है -

① लू
② आँधी
③ गर्मी

→ फारसी चित्रकार "बिहजाद" के नाम का उल्लेख करता है।

हुमायूँ :-

→ शाब्दिक अर्थ = भाग्यशाली

→ हुमायूँ ने अपना साम्राज्य भाइयों में वितरित किया -

① कामरान - काबुल

② अस्करी - सम्भल

③ हिन्दाल - मेवात

→ 1532 : दोहरिया का युद्ध
हुमायूँ V/S अफगान
हुमायूँ जीत गया।

→ चुनार का घेराव

* शेरखाँ ने हुमायूँ के साथ सन्धि कर ली।

→ गुजरात अभियान [1534-35]

* हुमायूँ ने गुजरात पर अधिकार कर लिया।
* बहादुरशाह ने पुर्तगालियों की सहायता से गुजरात को पुन: जीत लिया
* कालान्तर में पुर्तगालियों ने बहादुरशाह की हत्या कर दी।

→ चुनार अभियान - 1537

* शेरखान बंगाल की तरफ चला गया।
* शेरखान ने बंगाल को उजाड़ दिया।
* हुमायूँ ने बंगाल को पुन: बसाया एवं उसका नाम जन्नताबाद रखा।

चौसा का युद्ध - 1539
शेरखान V/S हुमायूँ
↓
हार गया

* हुमायूँ ने कर्मनासा नदी में छलाँग लगा दी एवं निजामसक्का भिश्ती की सहायता से अपनी जान बचाई।
* हुमायूँनामा के अनुसार निजामसक्का एक दिन का बादशाह बना एवं उसने चमड़े के सिक्के चलाए।

कन्नौज या बिलग्राम का युद्ध - 1540

हुमायूँ v/s शेरशाह सूरि

↓

पराजित हुआ व अमरकोट चला गया।

* अमरकोट के राणा वीरसाल ने हुमायूँ को शरण प्रदान की।

→ इसने मीर बाबा दोस्त (हिन्दाल के गुरु) की पुत्री हमीदा बानो बेगम से विवाह किया।

→ हमीदा बानो बेगम अकबर की माँ थी।

1545 :- हुमायूँ ने फारस के शाह की सहायता से काबुल व कन्धार को जीत लिया।

1555 :- मच्छीवाड़ा का युद्ध

* हुमायूँ ने नसीब खान व तातार खाँ [अफगान सेनापति] को पराजित किया।
  (सिकन्दर सूरि)

1555 :- सरहिन्द का युद्ध

* हुमायूँ ने सिकन्दर सूर को पराजित किया।

1556 :- दीनपनाह महल के शेरमण्डल पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरकर हुमायूँ की मृत्यु

* हुमायूँ के हमशक्ल मुल्ला शाह बेगशी को जनता के सामने प्रस्तुत किया जाता।
* प्रशासनिक कार्य तारदी बेग सँभालता था।
* हेमू ने दिल्ली पर आक्रमण किया एवं जीत लिया।

शेरशाह सूरि :-

→ बचपन का नाम = फरीद

→ जन्म स्थान = बजवाड़ा, होशियारपुर (Punjab)

→ शिक्षा = जौनपुर

↓

इसके पिता जौनपुर के शासक की सेवा में थे।

→ सासाराम एव ख्वासपुर (Bihar) मे जमादारी मिली थी [पिता को]
→ शेरशाह ने प्रशासनिक अनुभव सासाराम एवं ख्वासपुर से प्राप्त किये ।
→ शेरखाँ बंगाल के शासक बहार खाँ लोहानी / नुहानी के पास सेवा में गया ।
→ बहार खाँ लोहानी ने इसे शेर खाँ की उपाधि दी ।
→ शेरखाँ ने चंदेरी के युद्ध में हिस्सा लिया था ।
→ चौसा का युद्ध : 1539
* इस युद्ध के पश्चात् शेरखाँ ने "शाह" की उपाधि धारण की ।
→ कन्नौज का युद्ध : 1540
* इस युद्ध के पश्चात् शेरशाह ने आगरा व दिल्ली पर अधिकार कर लिया ।
→ शेरशाह ने चुनार की विधवा शासिका (लाड बेगम) से विवाह किया ।
→ बंगाल अभियान : 1541
→ गक्खरों के विरुद्ध अभियान :- 1541
→ मालवा अभियान : 1542
→ रायसीन अभियान : 1543
* पूरणमल यहाँ का शासक था ।
* शेरशाह सूरी ने षड्यंत्रपूर्वक इसकी हत्या कर दी ।
* इस घटना से आहत होकर कुतुब खाँ ने आत्महत्या कर ली । [पुत्र]
* यह घटना शेरशाह सूरि के जीवन पर कलंक है ।
→ गिरि सुमेल का युद्ध : 1544
→ कालिंजर अभियान : 1545
* यहाँ का शासक किरतसिंह था ।
→ शेरशाह "उक्का" नामक आग्नेयास्त्र चलाते समय घायल हो गया एवं उसकी मृत्यु हो गई ।

सुधार :-

(1) बंगाल में प्रशासनिक सुधार :-

— शेरशाह सूरी ने बंगाल को सरकार (जिला) एवं परगनों (तहसील) में विभाजित किया एवं शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया।

* सरकार → शिकदार ए शिकदारान (प्रशासनिक अधिकारी)
  → मुंसिफ ए मुंसिफान (राजस्व अधिकारी)

* परगना → शिकदार (प्रशासनिक शक्तियाँ)
  → मुंसिफ (राजस्व शक्तियाँ)

- एक नए पद का सृजन किया गया :- अमीर/अमीन - ए - बांगला
- काजी फजिलात प्रथम अमीर ए बांगला थे।

② <u>मुद्रा सुधार</u> :-

* इसने दो सिक्के आरम्भ किये।
* चाँदी ⇒ रूपया
  ताँबा ⇒ दाम
* इसने 23 टकसालाएँ स्थापित करवाई।
* सिक्कों पर टकसाल का नाम व शासक का नाम अरबी व देवनागरी लिपि में लिखा होता था।

③ <u>भू - राजस्व सुधार</u> :-

* शेरशाह ने भूमि की पैमाइश करवायी।
* भूमि को तीन भागों में विभाजित किया गया :-

① उत्तम
② मध्यम
③ निम्न

* इसने जागीरदारों की स्थिति को कमजोर किया।
* इसने सिकन्दरी गज का प्रयोग किया।
* इसने दो उपकर (Cess) लागू किये :-

① जरीबाना : भूमि पैमाइश कर (2.5 %)
② महासिलाना : भू- राजस्व संग्रहण कर (5 %)

* इसने अकाल राहत कोष कर लागू किया।
* इसने किसानों को पट्टे जारी किए।
* किसानों ने कबूलियत लिखीं।
* शेरशाह सूरी की भू-राजस्व व्यवस्था को "रे (रयि)" कहा जाता है।

④ <u>न्यायिक सुधार</u> :-

* शेरशाह सूरी न्याय की सर्वोच्चता में विश्वास करता था।
* इसने अपने भतीजे को मृत्युदण्ड दिया।
* शेरशाह सूरी ने उत्तरदायित्व के सिद्धान्त को लागू किया।
* अब्बास खाँ शरवानी के अनुसार –

" शेरशाह सूरी के शासनकाल में यदि एक बूढ़ी महिला अपने सिर पर हीरे-जवाहरात से भरी टोकरी लेकर जाए तो किसी की उसे लूटने की हिम्मत नहीं होती "

<u>अन्य सुधार</u> :-

(i) इसने सड़कों का निर्माण करवाया।
* GT Road (Grand Trunk / NH-1, 2) का पुनर्निमाण करवाया।

(ii) इसने 1700 सरायों का निर्माण करवाया।

(iii) कुएँ खुदवाये।

(iv) पेड़ लगवाये।

* इतिहासकार लेनपुल (कानूनगो) ने इसे सूर साम्राज्य की धमनियाँ कहा है।

(v) शेरशाह सूरी ने डाक-व्यवस्था को दुरुस्त किया।

<u>स्थापत्य कला</u> :-

① इसने पटना शहर को बसाया।
② दिल्ली में किला ए कुहना मस्जिद का निर्माण करवाया।
③ लाल दरवाजे का निर्माण करवाया।
④ रोहतासगढ़ किले का पुनर्निमाण करवाया।
⑤ उत्तर-पश्चिमी सीमा पर रोहतासगढ़ किले का निर्माण करवाया।

⑥ शेरशाह सूरी का मकबरा – सासाराम

नोट :- ① टोडरमल इसके दरबार में था।

② पद्मावत का लेखक = मलिक मोहम्मद जायसी

③ अब्बास खाँ शरवानी इसके दरबार में था।

* पुस्तक :

(i) तारीख ए शेरशाही

(ii) तोहफा ए अकबरशाही

इस्लाम शाह सूर :- [1545-54]

→ मानगढ़ के किलों का निर्माण करवाया [मानकोट]

→ कानूनों का संकलन करवाया।

→ इसकी मौत के बाद सूर साम्राज्य 5 भागों में विभक्त हो गया।

सिकन्दर सूर [1554-55] :-

→ हुमायूँ ने इसे पराजित किया और दिल्ली को जीत लिया।

हेमू :-

→ यह रेवाड़ी के बाजार में नमक का दलाल था।

→ यह आदिलशाह (चुनार) का सेनापति था।

↓

यह नृर्तक था।

→ हेमू ने लगातार 22 लड़ाईयाँ जीती थीं।

→ हेमू ने आगरा व दिल्ली पर अधिकार कर लिया था।

→ हेमू ने "विक्रमादित्य" की उपाधि धारण की।

→ यह दिल्ली का अन्तिम हिन्दू शासक था।

पानीपत का द्वितीय युद्ध -
हेमू लड़ता हुआ मारा गया।

<u>अकबर</u> [1556-1605] :-

जन्म = 1542 (अमरकोट)

बचपन का नाम = बदरूद्दीन

संरक्षक = मुनीम खाँ

2nd संरक्षक = बैरामखाँ

राज्याभिषेक = कलानौर (हरियाणा)

पानीपत का द्वितीय युद्ध - 1556

अकबर v/s हेमू
↓
बैरामखाँ

* अकबर ने गाजी की उपाधि धारण की।
* 1560 तक सभी शक्तियाँ बैरामखाँ के पास थीं।

1560 : बैरामखाँ का पतन

→ अकबर ने बैराम खाँ के समक्ष तीन प्रस्ताव रखे -
① मालवा व चन्देरी की सूबेदारी
② बादशाह के आन्तरिक मामलों का प्रमुख
③ हज

→ तलवाड़ा / तिलवाड़ा का युद्ध :
बैरामखाँ पराजित हुआ एवं हज चला गया।

→ पाकपाटन (गुजरात) में एक अफगान ने बैरामखाँ की हत्या कर दी।

→ पाटन के फकीरों ने बैरामखाँ का अन्तिम संस्कार किया।

→ 1560 - 62 : पेटीकोट शासन / अतका खेल

* अकबर पर हरम का प्रभाव था।

① माहम अनगा
② जीजी अनगा
③ आधमखाँ
④ मुनीमखाँ
+
हरम की महिलाएँ

1562 : अकबर ने आधमखाँ की हत्या करवा दी।
* इस सदमे से माहम अनगा की मृत्यु हो गई।

→ अकबर हरम के प्रभाव से मुक्त हो गया।

आरंभिक सुधार :-

1562 : युद्ध - बंदियों के धर्मांतरण पर रोक
या
दास प्रथा पर प्रतिबन्ध

1563 : तीर्थ - यात्रा कर को समाप्त किया।

1564 : जजिया कर को समाप्त किया।

अभियान :-

1561 : मालवा
* बाजबहादुर (मालवा) अकबर के दरबार में आ गया [रानी रूपमती ने आत्महत्या कर ली]

1564 : गोंडवाना अभियान [MH]
* रानी दुर्गावती ने मजबूती जी मुगलसेना का सामना किया एवं अन्त में लड़ती हुई मारी गई।
* इसका पुत्र वीरनारायण वहाँ का शासक था।

1567-68 : चित्तौड़

1572-73 : गुजरात अभियान
* अकबर ने गुजरात के शासक मुजफ्फर III को पराजित किया।
* गुजरात अभियान की याद में बुलन्द दरवाजे का निर्माण करवाया।
* इतिहासकार स्मिथ ने गुजरात अभियान को विश्व का सबसे द्रुत

गांत से किया गया अभियान बताया है।
* सीकरी का नाम फतेहपुर सीकरी कर दिया।
→ कैम्बे (खम्भात की खाड़ी) में अकबर ने पहली बार समुद्र देखा।

1581 : काबुल
* अपने चचेरे भाई मिर्जा हकीम को पराजित किया एवं बख्तुनिशा को वहाँ का गवर्नर बनाया।
* 1586 में मानसिंह को वहाँ का गवर्नर नियुक्त किया।

1586 : कश्मीर अभियान
* बीरबल युसफजाई कबीले से लड़ता हुआ मारा गया।

1591 : सिन्ध

1592 : उड़ीसा

1595 : कन्धार एवं बलूचिस्तान

1601 : खानदेश (MH)
* अकबर ने असीरगढ़ के किले को सोने की चाबियों से खोला था [भ्रष्टाचार]
* यह अकबर का अन्तिम अभियान था।

अकबर के नवरत्न :-

mains Imp.

① तानसेन :-
* वास्तविक नाम = रामतनु पाण्डेय
* शिक्षा = ग्वालियर संगीत शिक्षा विद्यालय
* पहले रीवा के राजा रामचन्द्र के दरबार में थे।
* गुरु = हरिदास जी
* 2^{nd} गुरु = मोहम्मद गौस
  • इनसे प्रभावित होकर इस्लाम अपनाया।
* उपाधि = कंठाभरणवाणीविलास
* तानसेन ने ध्रुपद गायकी का विकास किया।
* नई राग एवं रागिनियाँ बनाई।

* मियाँ का मल्हार
* मियाँ की टोड़ी
* मियाँ की सारंग
* दरबारी कान्हड़ा

} राग

* तानसेन का मकबरा = ग्वालियर

② बीरबल :-

वास्तविक नाम = महेश दास

उपाधि = राजा

* 1583 :- न्याय विभाग का प्रमुख बनाया।

③ अबुल फजल :-

पिता = शेख मुबारक

बड़ा भाई = फैजी

Imp. जन्म स्थान = नागौर

पुस्तक = अकबरनामा

(i) अकबरनामा I

(ii) अकबरनामा II

(iii) आइन ए अकबरी

* 1602 :- जहाँगीर के कहने पर वीर सिंह बुंदेला ने इसकी हत्या कर दी।

④ फैजी :-

जन्म स्थान = नागौर

उपाधि = राजकवि

* महाभारत का फारसी में अनुवाद किया जिसे "रज्मनामा" कहा जाता है

अनुवादक -

(i) नकीब खाँ

(ii) अब्दुल कादिर बदायूँनी

* इसने रामायण का अनुवाद किया।

* इसने लीलावती का अनुवाद किया [फारसी में]

⑤ अब्दुल रहीम खान खाना :-

उपाधि = खान खाना

* यह बैरामखाँ का पुत्र था।
* यह जहाँगीर का गुरू था।
* यह हिन्दी भाषा के कवि था।
* पुस्तक :- बैरवे नायिका का भेद

⑥ टोडरमल :-

उपाधी = राजा

* पहले गुजरात का दीवान नियुक्त किया था।
* कालान्तर में केन्द्र में दीवान नियुक्त किया गया।
* टोडरमल ने भू-राजस्व सुधार किये।
* इसने "आईन ए दहशाला" पद्धति को लागू किया।

⑦ मानसिंह :-

* आमेर का शासक था।

⑧ मिर्जा अजीज कोका :-

⑨ फकीर अजीओद्दीन :-

⑩ मुल्ला दो प्याजा

⑪ हकीम हुकाम :-

* यह खानसामा (Cook) था।

अकबर की धार्मिक नीति :-

① अकबर ने सुलहएकुल की नीति को अपनाया।

② 1562 :- युद्ध बंदियों के धर्मांतरण पर रोक

③ 1562 :- दास प्रथा पर रोक

④ 1563 :- तीर्थयात्रा कर को समाप्त किया

⑤ 1564 :- जजिया कर समाप्त

⑥ 1575 : इबादतखाने की स्थापना

* मुस्लिम विद्वानों को आमंत्रित किया गया।

⑦ 1578 : धर्म संसद की स्थापना

* अन्य धर्मों के विद्वानों को आमंत्रित किया गया।

(i) हिन्दू धर्म :-

(a) देवी

(b) पुरुषोत्तम

(ii) पारसी :-

(a) दस्तूरजी मेहरजी राणा

• अकबर ने इन्हें दरबार में अग्नि जलाने की अनुमति दी।

(iii) जैन :-

(a) हरिविजय सूरि

(b) जिनचन्द्र सूरि

(iv) ईसाई :-

(a) एक्वाबीवा

(b) मोन्सेरात

⑧ 1579 :- "महजर" की घोषणा

* शेख मुबारक ने महजर का प्रारूप तैयार किया था।

⑨ 1582 :- दीन ए इलाही की स्थापना / तौहिद ए इलाही

* अकबर इसका प्रमुख था।
* प्रधान पुरोहित = अबुल फजल
* पवित्र दिन = रविवार
* सबसे पवित्र = प्रकाश
* मात्र 18 लोगों ने इसे अपनाया।
* बीरबल इकलौता हिन्दू था।
* यह एक आचार संहिता थी।
* इसमें पैगम्बर, पवित्र पुस्तक, पवित्र स्थान, विचारधारा का अभाव है।
* इतिहासकार स्मिथ के अनुसार यह अकबर की मूर्खता का प्रतीक है।

सलीम का विद्रोह :-

सलीम ने अकबर के खिलाफ 2 बार विद्रोह किया और इलाहाबाद चला गया।

जहाँगीर :- [1605 - 27]

→ बचपन का नाम = सलीम (शेखू बाबा)

→ माता = हरखाबाई

→ पत्नी = मानबाई

* मानसिंह (आमेर) की बहन थी।
* इसके पुत्र का नाम खुसरो था।
  ↓ most handsome prince of this era.
* शाह बेगम के रूप में प्रसिद्ध थी।
* जहाँगीर की आदतों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली

→ दूसरी पत्नी = जोधा बाई / मानीबाई

* जगत गोसाई के रूप में प्रसिद्ध
* इसका पुत्र = खुर्रम (शाहजहाँ)

→ जहाँगीर ने राज्याभिषेक के समय 12 घोषणाएँ की।

→ उसने न्याय की जंजीर (सोने की) लगवायी जिसमें 66 घंटियाँ थीं।

→ 1606 - खुसरो का विद्रोह

* खुसरो को मामा मानसिंह तथा ससुर मिर्जा अजीज कोका का सहयोग प्राप्त था।
* गुरु अर्जुनदेव जी ने खुसरो को आशीर्वाद प्रदान किया था। इस कारण जहाँगीर ने अर्जुनदेव जी (5 वें गुरु) की हत्या करवा दी एवं "सिख - मुगल संघर्ष" आरंभ हो गया।

भैरोंवल का युद्ध :-

खुसरो पराजित हुआ एवं उसकी आँखें फोड़ दी गई।

1621 - शाहजहाँ ने बुरहानपुर में खुसरो की हत्या कर दी।

1608 - कैप्टन हॉकिन्स भारत आया [हैक्टर नामक जहाज में]

1609 - आगरा में जहाँगीर से मिला।

इसे फारसी भाषा का ज्ञान था।

जहाँगीर ने इसे 400 का मनसब दिया।

यह 3 साल तक आगरा में रुका लेकिन व्यापारिक रियायतें प्राप्त करने में असफल रहा।

1615 - सर टॉमस रो भारत आया।

Imp.

1616 - अजमेर में जहाँगीर से मिला।

* जहाँगीर ने इसे व्यापारिक रियायतें प्रदान की।

1615 :- खुर्रम ने मेवाड़ के साथ सन्धि की।

1617 :- खुर्रम ने अहमदनगर के साथ सन्धि की।

* जहाँगीर ने खुर्रम को "शाह-ए-जहाँ" की उपाधि दी।

1611-22 :- **नूरजहाँ जुंटा**

* नूरजहाँ का वास्तविक नाम = मेहरुन्निसा
* नूरजहाँ के पति = अली कुली बेग
  - जहाँगीर ने अली कुली बेग को "शेर-ए-अफगान" की उपाधि दी एवं उसकी हत्या करवा दी।
* जहाँगीर ने मेहरुन्निसा को "नूर-ए-जहाँ" की उपाधि दी।

* नूरजहाँ जुंटा के अन्य सदस्य :-

① पिता ग्यासबेग : उपाधि - एतमाद् उद् दौला

② माता अस्मत बेगम : इसने इत्र का आविष्कार किया

③ भाई आसफ खाँ

④ शाहजहाँ

* इस समय सभी शक्तियाँ नूरजहाँ के पास थीं।
* नूरजहाँ शाही फरमानों पर हस्ताक्षर करती थीं।
* नूरजहाँ झरोखा दर्शन देती थी।

* नूरजहाँ ने अपनी बेटी लाडली बेगम का विवाह शहरयार से करवा दिया।
* नूरजहाँ जुंटा में आपसी फूट पड़ गई [आसफ खाँ व नूरजहाँ]

1622 :- शाहजहाँ का विद्रोह [दक्कन]

* महावत खाँ एवं परवेज (जहाँगीर का बेटा) ने इसका दमन किया।

1626 :- महावत खाँ का विद्रोह

* महावत खाँ परवेज का समर्थक था।
* महावत खाँ ने जहाँगीर को बंदी बना लिया [नजरबन्द]
* आसफ खाँ व नूरजहाँ ने महावत खाँ पर आक्रमण किया पर पराजित हुये।
* महावत खाँ ने नूरजहाँ को भी बन्दी बना लिया।
* नूरजहाँ जहाँगीर को लेकर भाग गयी।

1627 :- जहाँगीर की मृत्यु

<u>नोट</u> :- ① जहाँगीर ने तम्बाकू की खेती पर प्रतिबन्ध लगाया।

② जहाँगीर ने बंगाल में बच्चों के व्यापार पर प्रतिबन्ध लगाया।

